तापमान
अधिकतम 27 डिग्री
न्यूनतम 14 डिग्री

# हरिभूमि इस्पात भूमि

रायपुर, गुरुवार, 28 नवंबर 2024



12 जिले में ट्रांसफार्मर से तेल की चोरी गिरोह से किसान हो रहे हलाकान



13 डॉ. अंबेडकर की मेहनत का फल है भारत का संविधान





# जंगल के राजा रुस्तम को भी लगती है ठंड

हरिभूमि न्यूज ⏭भिलाई

शेर भले ही जंगल का राजा है,लेकिन ठंड उसे भी लगती है। सर्दी बढ़ने के साथ ही मैत्रीबाग जू में किशोरवय वाइट टाइगर रुस्तम और उसके कुनबे को ठिठुरन से बचाने के लिए व्यापक इंतजाम किए गए हैं। सफेद बाघों के साथ अन्य प्राणियों को भी ठंड से बचाव के लिए जतन किए गए हैं। मौसम के खुशनुमा होते ही पर्यटकों की भी आमद बढ़ गई है।

- मैत्रीबाग में सफेद बाघों को ठंड से बचाने व्यापक प्रबंध

अलग खबर

## एनक्लोजर में जलाए जा रहे अलाव

उल्लेखनीय है कि ठंड का मौसम शुरु होते ही मैत्रीबाग में संवेदनशील वन्य प्राणियों को सर्दी से बचाने के लिए गर्माहट के प्रबंध किए जाते हैं। शहर में पिछले हफ्ते दस दिन से ठंड बढ़ गई है। रात का तापमान 12 डिग्री चला गया है। इसे देखते हुए मैत्रीबाग प्रबंधन द्वारा आठ सफेद बाघों को सर्द मौसम से बचाव के लिए इंतजाम किए गए हैं। वाइट टाईगरों के एनक्लोजर में अलाव जलाए जा रहे हैं, इससे उनके कैज में गर्माहट बनी रहेगी और ठंड का सेहत पर प्रतिकूल प्रभाव नहीं पड़ेगा। विशेषज्ञों के अनुसार दुर्लभ प्रजाति के वाइट टाइगर काफी संवेदनशील होते हैं, जिसके चलते ठंडी या गर्मी के दुष्प्रभाव से बचाने देखभाल में खास एहतियात बरतनी पड़ती है। मैत्रीबाग में डेढ़ वर्षीय रुस्तम, राणा और बाबी और ढाई साल के सिंघम सहित सभी आठ सफेद बाघों के एनक्लोजर में अलाव जलाए गए हैं। तीनों रक्षा और सुल्तान के बेटे हैं। सुल्तान की मौत हो चुकी है। वाइट टाईग्रेस रक्षा को एक्सचेंज के तहत जंगल सफारी रायपुर भेजा गया है। मैत्रीबाग प्रभारी डां. एनके जैन ने बताया कि अन्य वन्य प्राणियों की तुलना मेंवाइट टाइगर प्रकृति से बहुत संवेदनशील होते हैं। मौसम का सेहत पर विपरीत असर न पड़े, इसके लिए खास देखभाल की जरुरत होती है।

## अजगर के कैज में पैरे की सेज

मैत्रीबाग चिड़ियाघर में सफेद बाघों की तरह कुछ अन्य वन्य प्राणियों को भी सर्दी से बचाव के लिए प्रयास शुरु किए गए हैं। इनमें हिरणों और अजगरों के कैज में पैरा बिछाया गया है। इससे कैज का माहौल गर्म रहता है। चिड़ियाघर में सौ से अधिक हिरण और चार अजगर सांप हैं। इनके कैज में पैरा बिछाकर गर्माहट जी जा रही है। वहीं भालू के गैज के सामने भी सिगड़ी सुलगाई गई है। जू में दो हिमालयीन भालू हैं। ठंड के खुशनुमा मौसम के साथ ही मैत्रीबाग में पर्यटकों की आवक भी बढ़ गई है। लोग वन्य प्राणियों के दीदार और रोमांच के लिए ट्विनसिटी के अलावा अन्य शहरों से भी यहां आ रहे हैं।

## खबर संक्षेप

### शीतला मंदिर से माता के गहने और नकदी चोरी

**भिलाई।** टंकी मरोदा स्थित मां शीतला कल्याणी मंदिर में चोरी की घटना हुई। चोरों ने मंदिर का ताला तोड़कर गर्भगृह में पहुंचे और यहां माता की श्रृंगार सामग्री और दान पेटी में रखे गए नगदी ले गए।। नेवई पुलिस ने मामला दर्ज कर विवेचना कर रही है। पुलिस के मुताबिक मंदिर के पुजारी 24 नवंबर को रोजाना की तरह रात्रि करीब 9 बजे मंदिर बंद कर ताला लगाकर अपने घर चले गया । 25 नवंबर को सुबह करीब 6:50 बजे मंदिर आया तो देखा कि मंदिर के सामने का चैनल गेट का ताला टूटा हुआ था। अंदर जाकर देखा तो माताजी के पास रखे दानपेटी का ताला टूटा हुआ था। दानपेटी में चढ़ा दान का पैसा दानपेटी में नहीं था । रकम लगभग 8000 रूपये तथा माताजी को पहनाया अर्टिफिशियल माला कीमती करीब 300/- रूपये कुल जुमला 8300/- रूपये को कोई अज्ञात चोर चोरी कर ले गया है ।

### मोबाइल छीनने वाले दो युवक गिरफ्तार

**भिलाई।** पुरानी थाना भिलाई ने मोबाइल छीनने वाले दो आरोपी युवकों को गिरफ्तार किया है। आरोपी एस. वंशी उर्फ रॉकी पिता एस. देवा उम्र 21 वर्ष निवासी शीतला मंदिर के पास बालाजी नगर खुर्सीपार और दीपक कुमार भारती पिता रमेश चंद भारती उम्र 19 वर्ष निवासी शिव मंदिर के पास डबरापारा हैं। इन युवकों ने प्रार्थी सोमेश साहू उम्र 18 वर्ष निवासी मकान नम्बर ई-78 बिजली नगर कबीर पान ठेला के पीछे रहने वाले से मोबाईल छीन कर भाग गए थे। सोमेश इंटरनेट स्लो चलने से घर से बाहर निकलकर बस स्टाप के पास आकर बैठा था। रात्रि करीबन 10.10 बजे एकता नगर की ओर से ये आरोपी आए और मोबाईल को झपटकर भाग गए थे।

पहले स्पेशल ट्रेनों के रूप में चला रहा था रेलवे

# कोरोनाकाल की बंद रहीं 14 ट्रेनें एक जनवरी से चलेंगी नियमित

हरिभूमि न्यूज ⏭भिलाई

रेल यात्रियों के लिए यह राहतभरी खबर है। कोरोना काल के समय से बंद 14 ट्रेनें अब नियमित रूप से चलाई जाएगी। इन ट्रेनों को रेल प्रशासन द्वारा स्पेशल ट्रेन के रूप में चला रही थी। इन ट्रेनों का संचालन शुरू किया था, तब से ये स्पेशल ट्रेन के रूप में चलाई जा रही थी। अब रेल मंत्रालय के द्वारा निर्देश जारी करते हुए सभी जोनल कार्यालय को पत्र भेजा गया है, जिसमें उन्हें सभी स्पेशल ट्रेनों को नियमित ट्रेन के रूप में चलाने को कहा गया है।

परिवर्तित मार्ग से चलेगी उधमपुर एक्प्रेसः रेलवे ने गाड़ी संख्या 20847 दुर्ग मेजर कप्तान तुषार महाजन उधमपुर एक्सप्रेस को परिवर्तित मार्ग से चला रही है। यह ट्रेन वहाया दुर्ग गोंदिया इटारसी होकर उधमपुर पहुंचेगी।



### यात्रियों को होगा आर्थिक लाभ

1 जनवरी से दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे की 14 ट्रेनें नियमित ट्रेन के रूप में चलनी शुरू हो जाएंगी। रेलवे सूत्रों के मुताबिक दो से तीन दिनों में कुछ अन्य ट्रेनों की भी घोषणा यहां रेल मंत्रालय करेगा। जिससे आने वाले समय में सभी स्पेशल ट्रेनों को हटाकर उन्हें नियमित ट्रेन के रूप में चलाया जाएगा। स्पेशल ट्रेन के रूप में इन ट्रेनों को चलाने से रेलवे को तो आर्थिक लाभ हो रहा था, लेकिन यात्रियों को इससे नुकसान हो रहा था। क्योंकि उन्हें स्पेशल ट्रेन के लिए अधिक राशि देनी पड़ रही रही थी। अब नियमित ट्रेन में टिकटों की राशि कम होगी जिससे यात्रियों को भी सुविधा होगी। रेलवे ने स्पेशल ट्रेन के रूप में चलने वाले एक्सप्रेस और पैसेंजर ट्रेन को लेकर सभी मंडल मुख्यालय में पत्र जारी कर दिया है.

### ये मेमू एवं पैसेजर ट्रेंनें चलेगी नियमित

- 01 06617 कटनी-चिरमिरी मेम् स्पेशल ट्रेन
- 61617 कटनी- चिरमिरी मेमू ट्रेन 61602 चिरमिरी-कटनी मेमू ट्रेन
- 02 06618 चिरमिरी-कटनी मेम् स्पेशल ट्रेन
- 51703 जबलपुर-नैनपुर पैसेजर ट्रेन
- 0 .3 05703 जबलपुर-नैनपुर पैसेजर स्पेशल ट्रेन
- 04 05704 नैनपुर-जबलपुर पैसेजर स्पेशल ट्रेन
- 51704 नैनपुर-जबलपुर पैसेजर ट्रेन
- 05 05705 जबलपुर-नैनपुर पैसेजर स्पेशल ट्रेन 06 05706 नैनपुर-जबलपुर पैसेजर स्पेशल ट्रेन
- 51705 जबलपुर-नैनपुर पैसेजर ट्रेन
- 51706 नैनपुर-जबलपुर पैसेजर ट्रेन
- 07 05709 नैनपुर-मंडला फोर्ड पैसेजर स्पेशल ट्रेन 08 05710 मंडला फोर्ड नैनपुर पैसेजर स्पेशल ट्रेन
- 51709 नैनपुर-मंडला फोर्ड पैसेजर ट्रेन
- 09 05711 नैनपुर-मंडला फोर्ड पैसेजर स्पेशल ट्रेन
- 51710 मंडला फोर्ड नैनपुर पैसेजर ट्रेन 51711 नैनपुर-मंडला

#### फोर्ड पैसेजर ट्रेन

- 10 05712 मंडला फोर्ड नैनपुर पैसेजर स्पेशल ट्रेन
- 51712 मंडला फोर्ड नैनपुर पैसेजर ट्रेन
- 11 05713 जबलपुर-गोंदिया पैसेजर स्पेशल ट्रेन
- 51707 जबलपुर-गोंदिया पैसेजर ट्रेन
- 12 05714 गोंदिया-जबलपुर पैसेजर स्पेशल ट्रेन
- 51708 गोंदिया-जबलपुर पैसेजर ट्रेन 51755 चिरमिरी-अनूपपुर पैसेजर ट्रेन
- 13 05755 चिरमिरी-अनूपपुर पैसेजर स्पेशल ट्रेन 14 05756 अनुपपुर-चिरमिरी पैसेजर स्पेशल ट्रेन
- 51756 अनूपपुर-चिरमिरी पैसेजर ट्रेन

# पुलिस विभाग में बड़ी सर्जरी, थाना प्रभारी सहित एसआई बदले

हरिभूमि न्यूज ⏭भिलाई

जिला पुलिस अधीक्षक ने विभाग में बड़ी फेरबदल किया है। थाना प्रभारी, एसआई सहित कई पुलिस कर्मियों को इधर-उधर किया है। निरीक्षक ममता अली शर्मा वर्तमान पोस्टिंग थाना प्रभारी वैशाली नगर को थाना प्रभारी अमलेश्वर बनाया गया है। अमलेश्वर से केशव राम कोसले को पदमनाभपुर थाना लाया गया है। अंबिका प्रसाद ध्रुव को पद्मनाभपुर से रीडर प्रथम पु.अ. कार्यालय पदस्थ किया गया है। वंदिता पनिकर स्मृति नगर चौकी प्रभारी को प्रभारी डीएसबी बनाया गया है। युवराज साहू थाना खुर्सीपार को थाना प्रभारी धमधा भेजा गया है। इसी तरह 7 उपनिरीक्षकों का तबादला किया गया है। जिसमें पी.डी. चन्द्रा थाना धमधा और रमेश प्रसाद निषाद को रक्षित केंद्र दुर्ग भेजा गया है।

उपनिरीक्षक अमित कुमार अंदानी को वैशालीनगर थाना प्रभारी, गुरविन्दर सिंह संधु को स्मृतिनगर चौकी प्रभारी और दरबारी राम तारम को जामगांव आर थाना और प्रताप सिंह ठाकुर को दुर्ग कोतवाली पदस्थ किया गया है। सहायक उपनिरीक्षकों में संतोष कुमार साहू को प्रभारी लिटिया सेमरिया, दिनेश कुमार भिलाईनगर थाना, प्रमोद सिंह को स्मृतिनगर पदस्थ किया गया है। इसके अलावा प्रधानआरक्षक रोशन सिंह भुवाल, आनंद तिवारी,जसपाल सिंह,लक्ष्मण प्रसाद, मोहनलाल ठाकुर, भागवत वर्मा, राकेश कुमार सिंह,मो. अलाउद्दीन, दिनेश कुमार डहरिया,हीरामन कुमार साहू ,मोहनीश कुमार मंडावी, भोपेन्द्र कुमार साहू,कृष्णा सिंह,संदीप कुमार सिंह,हरिश राव,यशवंत कुमार पिस्दा,प्रदीप सिंह, राधिका साहू, गोदावरी सिंह, कोमल साहू सहित 38 का तबादला किया गया है।

### खास बातें

- स्मृति नगरि चौकी प्रभारी बने संधू व अमित कुमार अंदानी को वैशालीनगर
- युवराज साहू को धमधा थाना प्रभारी व ममता अली शर्मा को अमलेश्वर थाना प्रभारी बनाया गया

## पाठक सूचना

**हरिभूमि** के सुधि पाठकों को अखबार की प्रतियां नहीं मिल रही हो या अन्य अखबार दिया जा रहा हो तो हमें निम्न नंबर पर संपर्क करें या वाट्सअप करें- दुर्ग, भिलाई

**9300663610, 7489348301**




ऊटपटांग फैसले से आम जनता के अधिकारों का हनन

# बगैर टैक्स रसीद के बिजली, पानी और अनाज के लिए होंगें मोहताज

हरिभूमि न्यूज ⏭दुर्ग

नगरनिगम के एक आदेश ने आम लोगों की परेशानी बढ़ा दी हैं। आयुक्त के जारी फरमान के चलते पिछले पन्द्रह दिन से लोग राशन कार्ड बनाने भटक रहें हैं। यही नहीं इस फरमान से अब नगरनिगम से संबंधित बिजली, पानी और अन्य सुविधाओं के लिए भी लोगों को लाले होना पड़ रहा हैं। दुर्ग नगरनिगम के नवनियुक्त आयुक्त सुमीत अग्रवाल द्वारा विगत 11 नवंबर 2024 को एक आदेश जारी किया है। जिसमें उन्होने कहा हैं कि, नगरनिगम के संबंधित सभी योजनाओं के लिए टैक्स की रसीद अनिवार्य होगी। इस फरमान के बाद सबसे ज्यादा दिक्कत गरीब परिवार को हो गया, जो अर्जी देने तो जा रहे है लेकिन उन्हें राशन कार्ड के लिए टैक्स की रसीद मांगे जाने पर कई तो मूंह उतारे लौट रहे है, वही कुछ परिवार के सदस्य अफसरों से भीड कर अपने अधिकार का हवाला दे रहे हैं। इस संबंध में नगरनिगम के राजस्व अधिकारी मनीष गायकवाड का कहना है कि, साहब ने आदेश जारी किया हैं। पिछले ग्यारह नवंबर से जारी इस आदेश को विवाद होने के बाद भी निरस्त नही किया गया हैं।




### छग में खाद्य सुरक्षा कानून लागू

छग में खाद्य सुरक्षा अधिनियम 2012 लागू हैं। इस कानून से किसी को भी खाद्य से वंचित नही किया जा सकता हैं। इसी तरह केन्द्र ने भी राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा कानून 2013 का प्रावधान किया है। इसके बाद भी अफसर कानून का दत्ता बताकर सरकारी आदेश जारी कर रहे हैं। इस फरमान से पिछले लंबे समय से सैकडों आवेदन आगे नही बढ पाए हैं। निगम आए बोरसी निवासी सुरज साहू ने बताया कि, उन्हे रसीद मांगा जा रहा हैं। इसलिए वे आवेदन जमा नही कर पाए हैं।

### व्यवहारिकता में लाना पडेगा



यह आदेश बिल्कुल व्यवहारिक है, इसे व्यवहारिकता में लाना पडेगा। निगम के हित में सभी बडे निगमों में ये लागू हैं। केवल राशन, पेंशन के एंगल से मत देखिए। यह बिल्डिंग परमिशन, नक्शा पास, लाइसेंस इत्यादि में भी शामिल हैं।

- **सुमीत अग्रवाल,** आयुक्त, नगरनिगम दुर्ग

### स्कूल के संपत्ति कर के लिए प्राचार्य को नोटिस

नगरनिगम दुर्ग के अफसर टैक्स वसूलने इतने उतावले हैं कि, विगत बारह नवंबर को सरकारी कन्या प्राथमिक शाला दुर्ग के नाम 77250 रूपए जमा करने नोटिस जारी किया गया हैं। जिसमें प्राचार्य के मोबाइल नंबर का उल्लेख करते हुए लिखा गया है कि, संपत्ति कर राशि अधिनियम की धारा 173 में बिल भेजा गया हैं। लेकिन डिमांड नोटिस का जवाब तक नहीं दिया गया हैं। यह भी उल्लेख किया गया है कि, टैक्स नहीं पटाने पर आपके चल संपत्ति को धारा 175 के तहत अधिग्रहित कर लिया जाएगा। स्कूल सरकारी हैं, ऐसे संपत्ति कर को लेकर पूरा स्टाफ पेशापेश में आ गया हैं। हांलाकि प्राचार्य दीप्ति गुप्ता ने कहा है कि, उन्हें नोटिस की जानकारी नहीं है और वैसे भी हमें कभी टैक्स पटाना नहीं पड़ा हैं।

## खबर संक्षेप



### विधायक के साथ भाजपाइयों ने देखी साबरमती फिल्म

दुर्ग। शहर विधायक गजेन्द्र यादव ने भाजपा परिवार के साथ गोधरा की घटना पर आधारित फ़िल्म ₹द साबरमती रिपोर्ट₹ देखी। यह फिल्म गुजरात के गोधरा में हुई घटना के उस अतीत की सच्चाई को दिखाती है, जिस समय तात्कालिक सिस्टम ने सच को छिपाकर झूठे नरेटिव फैलाने का प्रयास किया था। विधायक गजेन्द्र यादव आज भाजपा परिवार के साथ बड़े पर्दे पर "द साबरमती रिपोर्ट"देखने 150 से अधिक कार्यकर्त्ताओं के साथ सिनेमाहॉल पहुँचे। झूठे नरेटिव के माध्यम से गोधरा कांड के सत्य को दबाने का प्रयास किया गया था, जिसे साबरमति रिपोर्ट फिल्म में सत्य को बेबाकी और साहसिकता से प्रस्तुत किया गया है। जिस पर उन्होंने फिल्म के पूरी टीम के इस प्रयास की मुक्तकंठ से सराहना सराहना किये। इस दौरान जिलाध्यक्ष जितेंद्र वर्मा, राजेन्द्र पाध्ये, सुरेन्द्र कौशिक, दुर्ग निगम सभी भाजपा पार्षदगण, महिला मोर्चा एवं युवा मोर्चा की टीम बड़ी संख्या में उपस्थित रही।

### कर्मचारियों ने घर पहुंचकर बनाया आयुष्मान कार्ड



दुर्ग। दीनदयाल अंतोदय योजना, राष्ट्रीय शहरी आजीविका मिशन एवं आंगनबाड़ी मितानिन द्वारा घर-घर पहुंचकर छूटे हुए का आयुष्मान कार्ड बना रहे हैं। इसके लिए कलेक्टर सुश्री ऋचा प्रकाश चौधरी एवं कमिश्नर सुमित अग्रवाल द्वारा जल्द से जल्द शहर में छूटे हुए लोगों का आयुषमान कार्ड बनवाने के लिए अधिकारियों को निर्देशित किया है। उन्होंने कहा कि शहर क्षेत्र के घरों में पहुंचकर कर्मचारी अधिक से अधिक आयुष्मान कार्ड बनाया। इसके लिए आयुष्मान अभियान के पहले प्रशिक्षण भी कर्मचारियों को दिया गया है। लगातार वार्डो आयुष्मान कार्ड अभियान में आजीविका मिशन एवं आंगनबाड़ी मितानिन सहित अमला द्वारा 10 दिनों में 1572 छूटे हुए हितग्राहियों का आयुषमान कार्ड घर में पहुंचकर बनाया। उल्लेखनीय है कि कमिश्नर सुमित अग्रवाल ने संबंधित अधिकारियों को आयुष्मान योजना का लाभ अधिक से अधिक दिलाने के निर्देश दिए है। बता दे कि कर्मचारी द्वारा घर-घर पहुंचकर नागरिकों का आयुष्मान कार्ड बना रही है। इसमें पांच लाख रूपए तक इलाज की सुविधा है। कमिश्नर सुमित अग्रवाल ने कहा है कि शहर वासियों से घर घर निगम टीम द्वारा पहुंचकर आयुष्मान कार्ड बना रही है। टीम का सहयोग कर आयुष्मान कार्ड बनवाएं।

### आरएसईटीआई का ट्रेनिंग प्रोग्राम शुरु

दुर्ग। बैंक ऑफ बड़ौदा ग्रामीण स्वरोजगार प्रशिक्षण संस्थान आरएसईटीआई दुर्ग भारत सरकार द्वारा ग्रामीण क्षेत्रों में आत्मनिर्भरता के लक्ष्य को प्राप्त करने के उद्देश्य से विभिन्न प्रशिक्षण कार्यक्रम चलाया जा रहा है। आरएसईटीआई का मुख्य उद्देश्य ग्रामीण क्षेत्रों के बेरोजगार युवक युवतियों को निःशुल्क आवासीय प्रशिक्षण प्रदान कर रोजगार विकास को सुगम बनाना है। मिली जानकारी अनुसार 27 नवम्बर से ब्यूटी पार्लर मैनेजमेंट 30 दिन, 28 नव्बर से आर्टिफीशियल ज्वेलरी निर्माण 13 दिन प्रशिक्षण हेतु दुर्ग, बालोद एवं बेमेतरा के ग्रामीण क्षेत्र के 18 से 45 वर्ष के युवक युवतियों से आवेदन आमंत्रित किया गया है।

### तिरगा के प्राधिकृत अधिकारी बने देव ठाकुर

दुर्ग। सेवा सहकारी समिति तिरगा में नवनियुक्त प्राधिकृत अधिकारी देवसिंह ठाकुर के पदभार ग्रहण समारोह का आयोजन समिति तिरगा सोसायटी प्रांगण में किया गया। पदभार ग्रहण समारोह के मुख्य अतिथि पूर्व जिला पंचायत सभापति मुकेश बेलचंदन थे। विशिष्ट अतिथि भूपेंद्र बेलचंदन पूर्व जनपद पंचायत सदस्य, गिरेश साहू, पुराण देशमुख, लिकेश्वर देशमुख, जैन देशमुख, संत राम देशमुख, नंदकुमार देशमुख, गैंद लाल देशमुख सहित अन्य अतिथि शामिल हुए।

**मॉनिटरिंग का अभाव : ट्रांसफार्मर बंद होने से सैकड़ों बोरवेल्स भी हो रहे फेल**

# जिले में ट्रांसफार्मर से तेल की चोरी गिरोह से किसान हो रहे हलाकान

**जिले में गिरोह सक्रिय, बिजली कंपनी के अफसर भी परेशान**

हरिभूमि न्यूज ⏭ दुर्ग

जिले मे पिछले लंबे समय से ट्रांसफार्मर से तेल चुराने का खेल चल रहा हैं। जिले में सक्रिय गिरोह द्वारा रेकी किए जाने के बाद रात को चोरी की इस घटना को अंजाम दिया जा रहा हैं। पहले भी इस तरह की लगातार घटना सामने आने के बाद बिजली कंपनी द्वारा लोगों से शिकायत करने अपील की गई थी। लेकिन इसके बाद भी चोरी की घटना नही थम रही हैं।

जानकारी अनुसार बुधवार को मुख्यालय से लगे समोदा गांव के खेत के पास लगे ट्रांसफार्मर से तेल निकाल लिया गया। जिसके चलते ट्रांसफार्मर जल गया। ग्रामीणों ने तेल चोरी के मामले की शिकायत जेवरा चौकी में दर्ज कराई थी। लेकिन इसके बाद भी कोई कार्यवाही नही किए जाने की बात कही जा रही हैं। कार्यवाही नही होने से पहले भी इस तरह कि जिलेभर में घटना हो चुकी हैं। जिले में तेल चोरी का यह गिरोह लगातार घटना को अंजाम दे रहे हैं।

**खास बातें**

- दिन में रेकी करने के बाद रात में करते हैं चोरी
- बिजली कंपनी ने की थी शिकायत करने की अपील
- कार्रवाई नहीं होने से जिलेभर में हो रही घटना



### रबि सीजन हो रहा प्रभावित

ट्रांसफार्मर से तेल चोरी के चलते किसानों का बोरवेल्स भी बंद हो रहा हैं। ट्रांसफार्मर जलने के बाद इसे सुधार कराने के इंतजार में किसानों का फसल प्रभावित हो रहा हैं। ननकट्टी के परमेश्वर वर्मा ने बताया कि, चौकी में इसकी पहले भी शिकायत कर चुके हैं, लेकिन कार्यवाही नही हुई हैं। उन्होने बताया कि, इसी ट्रांसफार्मर से पहले भी तेल चोरी की गई थी।

### पहले भी हो चुकी ट्रांसफ़ॉर्मर से तेल चोरी की घटनाएं

जनवरी 2024 में दुर्ग पुलिस ने ट्रांसफ़ॉर्मर चोरी करने के मामले में तीन आरोपियों को गिरफ़्तार किया था। इन आरोपियों ने दुर्ग के अलावा रायपुर समेत कई जिलों में ट्रांसफ़ॉर्मर चोरी की थी। चोरों का यह गिरोह दिन में घूम-घूमकर ट्रांसफ़ॉर्मरों की रेकी करता था और रात में चोरी की वारदात को अंजाम देता था। पूछताछ में आरोपियों ने बताया कि, उन्होंने पाटन के ठकुराई टोला में नदी के किनारे लगे ट्रांसफ़ॉर्मर से तांबे का तार चुराया था।

### इन कार्यो के लिए होता हैं तेल का उपयोग

ट्रांसफ़ॉर्मर से चुराए गए तेल का इस्तेमाल गाड़ियों की मरम्मत, स्टार्टर बनाने वालों की दुकान में बेच दिया जाता है। कई लोग इसे ईंधन और घरेलू दवा के रूप में भी इस्तेमाल करते हैं। क्योकि यह बेहद तरल होता हैं। ट्रांसफ़ॉर्मर में इस तेल के उपयोग से जब कभी हाई वोल्टेज का करंट आता है, तो उसे कम वोल्टेज में बदलकर आगे सप्लाई किया जाता है।

### शिकायत की गई

ट्रांसफार्मर से तेल चोरी होने के कारण किसान परेशान हैं। शिकायत बाद भी कार्यवाही नहीं होने से लगातार घटना सामने आ रही हैं। इसकी उच्च अधिकारियो से शिकायत की जाएगी। **-विनायक ताम्रकार** अध्यक्ष, जिला भाजपा किसान मोर्चा

# तालाब किनारे मलबा डालकर कब्जा, जुर्माना



हरिभूमि न्यूज ⏭ दुर्ग

नगर पालिक निगम सीमा क्षेत्र अंतर्गत डिबरा पारा तालाब के किनारे व नाली को कब्जा कर पाटा जा रहा था। जिसकी शिकायत अधिकारियों से की गई थी। वार्ड नंबर 39 स्थित गर्वमेंट स्कूल के पीछे पोटिया जाने वाले मार्ग में मुकेश सोनकर द्वारा डिपरापारा तालाब व नाली को धड़ल्ले से पाटकर बंद किया जा रहा था। निगम की टीम ने पांच हजार रूपए का जुर्माना वसूल किया हैं।

■ कमिश्नर के निर्देश पर हुई कार्रवाई

कमिश्नर सुमित अग्रवाल के निर्देश एवं भवन अधिकारी गिरीश दिवान के मार्गदर्शन पर मौके पर उपअभियंता करण यादव, अतिक्रमण अधिकारी दुर्गेश गुप्ता द्वारा टीम के साथ पहुँचकर तालाब स्थल का निरीक्षण करने पर पाया गया। जो स्पष्ट रूप से दिखाई दे रहा है। तालाब में मलबा पाटकर नाली को बाधित किया रहा था।

इस दौरान अधिकारियों ने निरीक्षण कर दिनेश सोनकर को दोबारा ऐसा नही करने की चेतावनी देते हुए पांच हज़ार का जुर्माना लगाया। तालाब व निगम की नाली को पाटने की कोशिश कर रहा था।

### शहर के अन्य तालाब में भी कब्जा

इसके आलावा भी शहर के अन्य तालाब में कब्जा किया जा रहा हैं। कलेक्टोरेट के पीछे कचहरी वार्ड में तालाब में मलबा डाला जा रहा हैं। इंदिरा मार्केट के पीछे जैन मंदिर स्कूल के सामने तालाब में भी यही हाल हैं। इसके आलावा नवापारा रोड के तालाब में भी कब्जा किया गया हैं।

# रायपुर नाका अंडरब्रिज मरम्मत की मांग

हरिभूमि न्यूज ⏭ दुर्ग

आम आदमी पार्टी ने आज दुर्ग लोकसभा अध्यक्ष डॉक्टर एसके अग्रवाल तथा आरटीआई प्रकोष्ठ प्रदेश अध्यक्ष मेहरबान सिंह के नेतृत्व में रायपुर नाका अंडर ब्रिज का निरीक्षण कर दुर्ग स्टेशन मास्टर के माध्यम से डीआरएम को शिकायत की गई 1

दुर्ग लोकसभा अध्यक्ष डॉक्टर एसके अग्रवाल ने बताया कि, काफी दिनों से रायपुर नाका अंडर ब्रिज को लेकर के वहां से आने जाने वाले



लोग और वहां के रहवासी शिकायत कर रहे थे कि, रायपुर का अंडरब्रिज बहुत ज्यादा क्षतिग्रस्त हो चुका है। अंडरब्रिज के केंद्र में जो लोहे की र1ड लगी है, वह भी उखड़ गई है। जिससे कभी भी कोई भी बड़ी दुर्घटना हो सकती है। इस दौरान सदस्य डॉ एसके अग्रवाल, मेहरबानसिंह, शंकर ठाकुर, सोनू यादव, मनीष मिश्रा, रजत पांडे और रवि साहू थे।

### नागरिक सहकारी बैंक की सदस्यता सूची के लिए दावा आपत्ति 28 तक

दुर्ग। राज्य सहकारी निर्वाचन आयोग, छत्तीसगढ़ के आदेश के द्वारा नागरिक सहकारी बैंक मर्यादित दुर्ग की सदस्यता सूची (समूहवार) को अंतिम रूप देने के लिए नियुक्त रजिस्ट्रीकरण अधिकारी अनिल कुमार बनज, सहायक आयुक्त सहकारिता एवं सहायक पंजीयक कार्यालय संयुक्त पंजीयक सहकारी संस्थाएँ द्वारा सदस्यता सूची का प्रथम प्रकाशन रजिस्ट्रीकरण अधिकारी द्वारा 14 नवंबर को कर दिया गया है। बैंक के सदस्यों को तत्संबंध में किसी प्रकार की दावा आपत्ति यदि हो तो इसके लिए अधिकृत शशिकांत वर्मा को दावा आपत्ति की अंतिम तिथि 28 नवंबर तक बैंक कार्यालयीन समय में प्रस्तुत कर सकते हैं। बैंक मुख्यालय सिद्धी विनायक मंदिर रोड, अस्पताल वार्ड, पचरी पारा में 29 नवंबर को दोपहर 12 बजे से किया जायेगा।

### विभागीय परीक्षा 25 जनवरी से

दुर्ग। छत्तीसगढ़ शासन गृहदृसी विभाग द्वारा 25 जनवरी 2025 से 3 फरवरी 2025 तक विभागीय परीक्षा का आयोजन किया गया है। उक्त विभागीय परीक्षा में बैठने हेतु जिले के विभाग कार्यालय के इच्छुक अधिकारियों से प्रपत्र में आवेदन प्राप्त कर आवश्यक दस्तावेजों के साथ 13 दिसंबर के पूर्व कार्यालय कलेक्टर दुर्ग में भेजने हेतु कहा गया है।

# युवा चरित्र निर्माण शिविर का आयोजन दुर्ग में होगा

हरिभूमि न्यूज ⏭ दुर्ग

आगामी 21 दिसंबर से 27 दिसंबर तक होने वाले शीतकालीन युवा चरित्र निर्माण शिविर का आयोजन आर्य समाज मंदिर आर्य नगर दुर्ग के परिसर में होगा। युवा चरित्र निर्माण शिविर आर्य वीर दल का प्राथमिक अभ्यास वर्ग जिसे संभाग स्तर पर दुर्ग में लगाया जाएगा। इस शिविर के शिविर अध्यक्ष अरुण कुमार आर्यवीर होंगे, इस पूरे कार्यक्रम में शिविरार्थियों को सामाजिक कार्यों को सेवा के रूप में करना सिखाया जाएगा। इस पूरे शिविर में 150 से अधिक शिविरार्थियों की संख्या रहेगी। अंत में होने वाले परीक्षा में जिन छात्रों द्वारा परीक्षा पास की जाएगी। उन्हें सर्टिफिकेट देकर आर्यवीर उपाधि दी जाएगी। इस कार्यक्रम का आयोजन आर्य समाज मंदिर आर्य नगर के पदाधिकारियों द्वारा होगा। प्रधान संजय आर्य, मंत्री मनोज आर्य, संयोजक कृष्णमूर्ति आर्य, जिला मंत्री हिमांशु आर्य, संभागीय संचालक इंद्र कुमार आर्य, सहायक संयोजक मनोज ठाकरे एवं पुरोहित अंकित शास्त्री रहेंगे। शिविर का आयोजन आर्य वीर एवं वीरांगना दल दुर्ग भिलाई द्वारा होगा।

■ 150 से अधिक शिविरार्थी लेंगे हिस्सा

### हम सभी को संविधान का सम्मान करना चाहिए



दुर्ग। दि बुद्धिस्ट सोसाइटी ऑफ़ इंडिया शाखा दुर्ग एवं महिला सशक्तिकरण संघ छत्तीसगढ़ प्रदेश के संयुक्त तत्वावधान में ७५वां संविधान दिवस समारोह बड़े ही हर्षो उल्लास पूर्वक मनाया गया। दि बुद्धिस्ट सोसाइटी ऑफ़ इंडिया के राष्ट्रीय ट्रस्टी आयुष्मान एसआर कानडे, बौध्द एवं प्रदेश उपाध्यक्ष आयु संजय शेन्दरे, सीके डोंगरे एवं इन्दू ढोक सुधा डोंगरे ने माल्या अर्पण कर दीप प्रज्वलित किया गया। तत्पश्चात तिरीशरण पंचशील एवं बुध्द वंदना का सामूहिक पाठ किया गया। सुनंदा गजभिए के द्वारा संविधान के प्रस्तावना का सामुहिक वाचन कराया गया। इस अवसर पर भारतीय बौद्ध महासभा के जिला अध्यक्ष सी के डोंगरे, जितेंद्र मेश्राम, महासचिव सुमित गजभिए, रंगारी लोखंडे, महिला सशक्तिकरण संघ प्रदेश इकाई उपाध्यक्ष आयुष्मति इंदु ढोक, सुधा डोंगरे, रंजना वालवानदरे, कोषाध्यक्ष प्रतिमा गेडाम, महासचिव पुष्प लता भोयर, उषा रावत आदि थे।

# वरिष्ठजनों के नए भवन का विधायक ने किया उद्घाटन



हरिभूमि न्यूज ⏭ दुर्ग

वरिष्ठ नागरिक सेवा समिति धनोरा.बोरसी के कार्यालय का उद्घाटन हुआ। मुख्य अतिथि गजेन्द्र यादव ने पौधारोपण पश्चात उद्घाटन किया। वेद गायत्री मंत्र के साथ वरिष्ठ नागरिक सेवा समिति धनोरा.बोरसी के कार्यालय का उद्घाटन में शामिल हुए और वरिष्ठजनों का आशीर्वाद लिए। कार्यक्रम संस्था के संयोजक अनुज राम साहू का विधायक गजेन्द्र ने उन्हें शॉल श्रीफल भेंट जन्मदिन की शुभकामना दिए। इस दौरान बुजुर्गो ने नये भवन में खेल खुद सामग्रीए बैठने के लिए कुर्सीए भजन कीर्तन के लिए वाद्ययंत्र और माइक की मांग किये जिसे विधायक ने जल्द ही पूरा करने का वादा कियेए ताकी उनकी दिनचर्या को बेहतर बनाने में सामग्री सहायक बन सके। इस दौरान अध्यक्ष राधेशरण साहूए हरदेव साहू, मैनू साहू, कृष्णकुमार सहित वरिष्ठ नागरिक उपस्थित रहे।

■ वरिष्ठजनों ने कहा जम्मो सियान बनबो मितान

**AFFIDAVIT**

I **HEMANGI BEN PATEL**, aged about 48 years, W/o JATIN KUMAR PATEL, permanent resident of H.No. 320/12, Near Gajanan Mandir, Gajanan Nagar, Durg (C.G.) solemnly affirm and state on oath as under:
1. I am the deponent herein.
2. I state that I was born at Village: SARSA, Taluka: ANAND, District: KHEDA, State: GUJARAT on 27/07/1976 and a copy of the birth certificate is enclosed herewith.
3. I state that in my passport which was originally issued on 06/03/1998 by the Passport Office Ahemdabad, my place of birth was stated as ANAND GUJARAT instead of SARSA, ANAND, GUJARAT and namely 'SARSA' was omitted by oversight and even though I had correctly filled up the application for passport mentioning my birth place in it as Village: SARSA, Taluka and District: ANAND (District since 1997), State: GUJARAT. Further, I noticed that the mention of my birth place continued to be omitted in the subsequently renewed passports on 02/09/2003 from Passport Office Bhopal and on 14/03/2013 and 03/08/2023 from Passport Office Raipur, despite having correctly filled the application (online) form for reissue of passport periodically. A copy of the last application (online) dt. 19/06/2023 for reissue of passport is enclosed herewith for reference.
4. I state that in my birth certificate my parents name has been mentioned as Ghanshyam Bhai Magan Bhai Patel (Father) and Ramila Ben (Mother) without expanding the initials. However their names with the initials expanded are Ghanshyam Bhai Magan bhai Patel (Father) and Ramila Ben Ghanshyam Bhai Patel (Mother).
5. I state that my parents' names as found in the birth certificate namely Ghanshyam Bhai Magan Bhai Patel (Father) and Ramila Ben (Mother), namely Ghanshyam Bhai Magan bhai Patel (Father) and Ramila Ben Ghanshyam Bhai Patel (Mother) as found in their respective AADHAR Cards are one and the same.
6. I state that in my school leaving certificate the place of birth is stated as SARSA.
7. I give this affidavit for declaring my place of birth as 'SARSA, ANAND, GUJARAT' and my parents as found in the birth certificate namely Ghanshyam Bhai Magan Bhai Patel (Father) and Ramila Ben (Mother), namely Ghanshyam Bhai Magan bhai Patel (Father) and Ramila Ben Ghanshyam Bhai Patel (Mother) as found in their respective AADHAR Cards are one and the same for the purpose of reissue of passport with correct particulars.
I solemnly affirm that the above information stated in Points 1 to 6 is true to the best of my knowledge and belief and I sign this affidavit at DURG on 25th November 2024.

**DEPONENT**
**H.J. PATEL**
Date: 25/11/2024

**शपथ पत्र**

मैं VIDYOTMA OJHA पति AMAR KUMAR OJHA, उम्र 33 वर्ष, निवासी-प्लॉट नं-5, दिनेश हाउसिंग कॉम्पलेक्स राधिका नगर, सुपेल, भिलाई तह व जिला दुर्ग छ.ग. की हूं जो कि निम्नलिखित कथन शपथपूर्वक प्रस्तुत करती हूँ-
1. यह कि मैं उपरोक्त वर्णित पते पर निवास करती हूं।
2. यह कि मेरे आधार कार्ड क्रमांक 8652 60111830 में नाम VIDYOTMA OJHA पति AMAR KUMAR OJHA अंकित किया गया है, जो मेरा वास्तवीक नाम है।
3. यह कि, जबकि मेरे समस्त शैक्षणिक दस्तावेजों में मेरा नाम VIDYOTMA KUMARI पिता RAMESH TIWARI अंकित है। जबकि मेरे पति के पासपोर्ट क्रमांक-NO286493 में मेरा नाम-VIDYOTAMA KUMARI अंकित है।
4. यह कि, मेरे बच्चे के जन्म प्रमाण पत्र में मेरा नाम VIDYOTMA AMAR OJHA अंकित है।
5 यह कि VIDYOTMA OJHA, VIDYOTMA KUMARI, VIDYOTAMA KUMARI व VIDYOTMA AMAR OJHA चारो मेरे स्वयं का नाम है तथा मैं एक ही महिला हूं जो सत्य तथा भविष्य में मैं VIDYOTMA OJHA पति AMAR KUMAR OJHA नाम से जाना व पहचानी चाहती हूं जिस हेतु यह शपथ पत्र सक्षम प्राधिकारी के समक्ष प्रस्तुत किया जा रहा है।
अतः शपथ पत्र पेश है।

शपथकर्ता
VIDYOTMA OJHA
निवासी-प्लॉट नं-5, दिनेश हाउसिंग कॉम्पलेक्स राधिका नगर, सुपेला, भिलाई तह व जिला दुर्ग (छ.ग.)

**// आम सूचना //**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि, मेरे पक्षकार श्रीमती क्रांती तिवारी पति-श्री हेमकांत हरीश पूरी गोस्वामी उम्र 44 वर्ष, निवासी म.नं. 414 स.नं. 0 वार्ड नं. 15 शांति नगर सुपेला, भिलाई तह. व जिला - दुर्ग (छ.ग.) ने रविंद्रनाथ पाण्डेय पिता स्व. केदारनाथ पाण्डे उम्र लगभग 72 वर्ष व अन्य सह खातेदार निवासी 37/सी सड़क नं. 14 स्मृति नगर भिलाई तह. व जिला- दुर्ग (छ.ग.) से उनके मौजा कोहका (शांति नगर) भिलाई पटवारी ह.न. 45 तह. व जिला दुर्ग (छ.ग.) स्थित भूमि खसरा नं. 7580, रकबा 0.02 हे. (1770 वर्ग फीट), जिसकी चौहद्दी सीमा उत्तर में सड़क/ रास्ता, दक्षिण में देवांगन का मकान, पूर्व में जैन का मकान तथा पश्चिम में कोलते का मकान है। जिसे 30,00,000/- रूपये (अक्षरी तीस लाख रूपये) में क्रय करने का पक्का सौदा किया है। तथा सौदे पेटे की रकम में से क्रेता श्रीमति क्रांती तिवारी द्वारा दिनांक 11/11/24 को 5,00,000/- रू. (पांच लाख रुपये) की राशि चेक संख्या 666133 के माध्यम से बयाना के बतौर अदा किया गया है सौदे पेटी की शेष राशि इकरारनामा अनुसार पंजीयन के समय क्रेता द्वारा विक्रेता को अदा की जावेगी।

अतः क्रेता विक्रेता की ओर से प्रार्थना हैं कि, उक्त जमीन की क्रय-विक्रय में किसी को उजर - दावा आपत्ति होगी तो मेरे द्वारा दिये गए पते अधिवक्ता यू. एल. गजेन्द्र स्टेडियम रोड सरस्वती शिशु मंदिर के पास, गंजपारा बालोद के कार्यालय में 15 दिवस के अंदर अपना आपत्ति दर्ज कराये। अन्यथा मेरे पक्षकार क्रेता द्वारा विक्रय पंजीयन करा लिये जाने के बाद किसी की ओर से उजर - दावा आपत्ति किया जावेगा, वो अमान्य माना जावेगा। सो सूचना जाने

भवदीय
यू.एल.गजेन्द्र अधिवक्ता बालोद
मो.नं.- 9993754763

समक्ष श्रीमान पब्लिक नोटरी महोदय, दुर्ग (छ.ग.)
शपथ पत्र
**नाम परिवर्तन**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मैं एन पापा राव पिता मोहन राव, उम्र-48 वर्ष, निवासी-ब्लाक नं.-5/ए, सड़क-28, जोन-2, सेक्टर-11, खुर्सीपार, भिलाई, तहसील व जिला दुर्ग (छ.ग.) यह शपथ करता हूँ कि मैनें अपना यह पुराना नाम निट्टा पापा राव को त्याग कर नया नाम एन पापा राव पिता मोहन राव रख लिया हूँ। अतः आज से मुझे समस्त शासकीय, अर्द्धशासकीय व अन्य दस्तावेजों में मेरे नये नाम एन पापा राव पिता मोहन राव से ही जाना एवं पहचाना जावें।

शपथकर्ता
**एन पापा राव पिता मोहन राव**
निवासी-ब्लॉक नं.-5/ए, सड़क-28, जोन-2, सेक्टर-11, खुर्सीपार, भिलाई, तहसील व जिला दुर्ग (छ.ग.)

समक्ष श्रीमान पब्लिक नोटरी महोदय, दुर्ग (छ.ग.)
शपथ पत्र
**नाम परिवर्तन**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मैं एन जयश्री पति एन पापा राव, उम्र-39 वर्ष, निवासी-ब्लाक नं.-5/ए, सड़क-28, जोन-2, सेक्टर-11, खुर्सीपार, भिलाई, तहसील व जिला दुर्ग (छ.ग.) यह शपथ करती हूँ कि मैनें अपना यह पुराना नाम निट्टा जयश्री पति निट्टा पापा राव को त्याग कर नया नाम एन जयश्री पति एन पापा राव रख ली हूँ। अतः आज से मुझे समस्त शासकीय, अर्द्धशासकीय व अन्य दस्तावेजों में मेरे नये नाम एन जयश्री पति एन पापा राव से ही जाना एवं पहचाना जावें।

शपथकर्ती
**एन जयश्री पति एन पापा राव**
निवासी-ब्लॉक नं.-5/ए, सड़क-28, जोन-2, सेक्टर-11, खुर्सीपार, भिलाई, तहसील व जिला दुर्ग (छ.ग.)

KS GROUP
PUNJAB | INDIA



BOOK NOW
KS 9300 SELF PROPELLED COMBINE HARVESTER
Loan Facility Available
Available on Reasonable Interest Rate
AUTHORISED DISTRIBUTOR
KAMLA MOTORS
G.E. ROAD, GANJPARA, DURG (C.G.)
90398-79080, 94255-50265

Health Town

राज-राजेश्वरी आयुर्वेदिक चिकित्सा केन्द्र
(22 वर्षों से क्षेत्र में अनुभवी चिकित्सक)
क्षार-सूत्र चिकित्सा केन्द्र, रायपुर मो. 9039050422, 91794 55561
पाइल्स, फिशर, फिस्टूला विशेषज्ञ
डॉ. के.बी. श्रीनिवास राव
INTL Ayurvedic Consultant
राज्य अलंकरण अवार्ड से सम्मानित
अशोक विहार, स्ट्रीट नंबर 5, सरस्वती दाल मिल के सामने, मंडी गेट के सामने, पंडरी रायपुर। मनसा चैम्बर्स, कल्याण हॉस्पिटल के पीछे, बिलासपुर रोड, फाफाडीह रायपुर।



HCC IS NOW हिअरज़ॅप™
आज ही मुफ्त श्रवण परीक्षण कराएं।
श्रवण यंत्र पर भारी छूट ▸ कोक्लियर इम्प्लांट (परामर्श) ▸ स्पीच थेरेपी
हमारी स्टोर छत्तीसगढ़ में: अंबिकापुर • भिलाई • बिलासपुर • रायपुर • जगदलपुर • कोरबा
9659 455 455
MAHARASHTRA | TAMILNADU | KERALA | KARNATAKA | ANDHRA PRADESH TELANGANA | WEST BENGAL | BIHAR | JHARKHAND | CHHATTISGARH

विज्ञापन हेतु संपर्क करें: 0771- 4242213, 7987119756, 9303508130

# सुपेला क्रासिंग के पास सिग्नल हुआ फेल, छत्तीसगढ़ आधे घंटे खड़ी रही

## सुरक्षा के लिए रेलवे पुलिस के पहुंचे जवान, ट्रेन के यात्री हुए परेशान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

मुंबई हावड़ा रेल मार्ग में सुपेला रेलवे अंडर ब्रिज पर आज छत्तीसगढ़ एक्सप्रेस के आधा घंटा तक पहिये थम रहे। सिग्नल में लेटलतीफी और माल गाड़ी की पासिंग के चलते यात्रियों का परेशानी का सामना करना पड़ा।

नागपुर की ओर जाने वाले छत्तीसगढ़ एक्सप्रेस शाम छह बजे एकाएक सुपेला अंडरब्रिज के निकट खड़ी हो गई। इससे यात्रियों में बेचैनी के साथ अफरातफरी मच गई। यात्रियों ने सोचा कि चेन पुलिंग के कारण चेंकिंग बाद गाड़ी कुछ देर बाद आगे बढ़ेगी। कुछ ने हौसपाइप के फेल होने की अफवाह सुनी। वहीं सिग्नल नहीं मिलने और तकनीकी खराबी की भी चर्चा रही। इस दौरान जीआरपी पुलिस ने भी अंडर ब्रिज के बीचों बीच एकाएक काफी देर तक ट्रैक पर ट्रेन के खड़ी होने व यात्रियों को नीचे बैचैनी से पतासाजी करते देख मोर्चा संभाल लिया। इस दौरान दो मालगाड़ियों की पासिंग हुई । इसके बाद आधा घंटा बाद गाड़ी 6.25 को सिग्नल मिलने पर रवाना हुई। इसके पीछे सिकंदराबाद रक्सौल एक्सप्रेस को निकाला गया। यात्रियों ने बताया कि दोनों ट्रेने आधा घंटा विलंब से गुजरीं।




### ब्रिज निर्माण बाद बंद हुआ रेल फाटक

उल्लेखनीय है कि छह महीने पूर्व सुपेला चौक रेलवे क्रासिंग पर अंडरब्रिज से आवागमन शुरु हो गया है। इसके चलते यहां स्थित गेटमैन अनुपयोगी पोस्ट चौकी को बंद कर दिया गया है। सिग्नल की समस्या के कारण छत्तीसगढ़ एक्सप्रेस के आधा घंटा तक लाइन क्लीयर होने के इंतजार में खड़े रहने के दौरान कई यात्री यहां जानकारी लेने पहुंचे। वहीं कई मुसाफिर चिंतित होकर गार्ड की बोगी व इंजिन की ओर आतेजाते रहे। आधा घंटा बाद इस ट्रेन के रवाना होने पर मुसाफिर सहज हुये।

## खबर संक्षेप



### कर्मियों को मिला शिरोमणि

**भिलाई।** भिलाई इस्पात सयंत्र में के कोक ओवन एवं कोल केमिकल विभाग में कर्म शिरोमणि पुरस्कार वितरण समारोह का आयोजन को सीओ–सीसीडी के सभागार में किया गया था। इस सम्मान समारोह के मुख्य अतिथि मुख्य महाप्रबंधक तुलाराम बेहेरा थे। तुलाराम बेहेरा ने शिरोमणि पुरस्कार समिति द्वारा अनुशंसित, इंजीनियरिंग असोसिएट भारद्वाज राणा व देवल सिंह भुआर्या को सितम्बर के लिए, कर्म शिरोमणि पुरस्कार से सम्मानित किया। विजेताओं को स्मृति चिन्ह एवं प्रशस्ति पत्र तथा उनके जीवनसाथी के लिए प्रशंसा पत्र प्रदान किया गया।

### विदेश गए परिवार के मकान में चोरों ने बोला धावा

**भिलाई।** कुम्हारी थाना अंतर्गत चोरी का मामला सामने आया है। पति और बेटे के विदेश जाने के बाद घर में महिला अकेली थी। चोरों ने महिला से सोने-चांदी की ज्वेलरी समेत 20 हजार रुपए की नकदी पर हाथ साफ कर दिया। शिकायत पर पुलिस ने धारा 305(ए), 331(4) के तहत अपराध पंजीबद्ध कर लिया है। कुम्हारी पुलिस के मुताबिक जंजगिरी सांई विलास मकान नम्बर 04, कुम्हारी की रहने वाली सुखविन्दर कौर (44वर्ष) ने शिकायत दर्ज कराई। प्रार्थिया ने पुलिस को बताया कि पति कतर (दुबई) में काम करते हैं। जबकि बेटा कनाडा में है। बेटी की भी शादी हो गई है। उसका ससुराल सुपेला में है। वह घर में अकेली रहती है। 21 नवंबर को बेटी की ससुराल मिलने चली गई। घर की देखरेख का काम बाई करती है, जो शाम को घर में ताला लगाकर चली जाती है। महिला के घर में रखा 22 ग्राम का सोने का जेंट्स कड़ा, 5 ग्राम की दो सोने की जेंट्स अंगूठी, 9 ग्राम की सोने की लेडीज अंगूठी, 65 ग्राम का सोने का लेडिस गले का हार, सोने की गुरूनानक की छोटा फ्रेमिंग फोटो, चांदी के गणेशजी की छोटी मूर्ति समेत 20 हजार रुपए की नकदी गायब थी।

## विडंबना : भिलाई इस्पात संयंत्र चल रहा है ठेका श्रमिकों के भरोसे

# ठेका मजदूरों के वेतन समझौते को लेकर सेल प्रबंधन उदासीन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

भिलाई इस्पात संयंत्र सहित सेल के हजारों ठेका मजदूरों पर वेतन समझौता को लेकर प्रबंधन की उदासीनता भारी पड़ रही है। उन्हें न तो जीने लायक वेतन मिल रहा है और न ही सामाजिक सुरक्षा की ही गारंटी मिल रही है। एक ही प्रकृति काम करने वाले नियमित कर्मचारियों और ठेका मजदूरों के बीच सुविधाओं में भारी भेदभाव से श्रमिकों में हताशा और असंतोष बढ़ रहा है। यूनियनों ने चौतरफा शोषण से बचाने जल्द वेज रिवीजन करने की मांग की है।

उल्लेखनीय है कि सेल की सबसे बड़ी यूनिट बीएसपी में सबसे ज्यादा मजदूर काम करते हैं। यहां करीबन 25 हजार ठेका मजदूर काम कर रहे हैं। वर्षों से नियमित कर्मचारियों के साथ कंधे से कंधा मिलाकर प्लांट और उत्पादन से जुड़े कार्य कर रहे हैं। लेकिन एक ही प्रकृति का कार्य करने के बाद भी दोनों वर्गों के वेतन और सुविधाओं में जमीन आसमान का फर्क है। कर्मचारी का वेतन 75 हजार से एक लाख है, जबकि ठेका श्रमिक की पगार मात्र 4 से 8 हजार है। यानी मजदूरों के वर्षों से उत्पादन के कीर्तिमानी सफर में योगदान के बाद भी सेल प्रबंधन और सरकार हमने नहीं देखा हमने नहीं सुना की तर्ज पर उदासीन बनी हुई है। बीएसपी ठेका मजदूर यूनियन इंटक के मुताबिक कर्मचारियों के बराबर योगदान के बाद भी श्रमिकों का चौतरफा शोषण हो रहा है। वेतन, सुविधाएं और बोनस को लेकर उच्च प्रबंधन उदासीन है। पूरे सेल में 50 हजार से अधिक मजदूर काम कर रहे हैं।

### ठेका मजदूरों में निराशा और असंतोष का वातावरण



### वर्षों पुरानी है वेतन और बोनस की मांग

यूनियनों द्वारा नियमित कर्मचारियों की तरह ठेका मजदूरों के लिए भी वेतन समझौता निर्धारण करने की मांग वर्षों से की जा रही है। मजदूरों को एस वन कर्मचारी के बराबर वेतन व 8.33 बोनस की मांग की जा रही है। इसी तरह आवास, सायकल व रात्रि भत्ता आदि एलाउंस दिए जाने की मांग लंबित है। दो साल पूर्व हुई एनजेसीएस बैठक में प्रबंधन ने वेतन समझौता करने का आश्वासन भी दिया था। लेकिन समझौता तो दूर मजदूरों को मिनिममे वेज के लिए भी तरसना पड़ रहा है। इससे उनकी स्थिति बद से बदतर होती जा रही है।

### मेन पावर कम होने से बढ़ रहा वर्कलोड

आसमान छूती महंगाई के दौर में कमरतोड़ मेहनत के बाद मात्र 4,5 हजार वेतन में मजदूर परिवार का गुजरबसर कैसे करेंगे। श्रमिकों ने बताया कि प्रबंधन सरकार ने हमारे कल्याण के लिए एचआरीड विभाग बनाया है लेकिन वेतन भत्तों व सामाजिक सुरक्षा को लेकर प्रबंधन, सरकार व श्रम विभाग के दावे कागज तक सीमित होने से हालत बद से बदतर हो रही है। मेन पावर कम होने से मजदूरों को वर्कलोड व जोखिम के बीच काम करने के बाद भी जीने लायक वेतन नहीं दिया जा रहा है। इससे हताशा और असंतोष बढ़ रहा है।

### मजदूरों का हो रहा शोषण

“बीएसपी सहित सेल में ठेका मजदूरों के नियमित कर्मचारियों की प्रकृति के कार्य करने और कीर्तिमानी योगदान के बाद भी उन्हें मिनिमन वेज व सुविधाओं के लिए तरसना पड़ रहा है। उनकी बद से बदतर हालत में बदलाव के लिए सेल प्रबंधन को जल्द वेतन समझौता करने की जरुरत है। इससे मजदूरों का चौतरफा शोषण खत्म होगा और उनका मनोबल भी बढ़ेगा।

**संजय साहू महासचिव,** स्टील ठेका श्रमिक यूनियन इंटक

## प्रबंधन और एनजेसीएस का गठबंधन, कर्मचारियों पर भारी

### आम सहमति की बजाय बहुमत से हो गया एमओयू

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

बीएसपी अनाधिशासी कर्मचारी संघ ने कहा है कि एनजेसीएस नेताओं तथा सेल प्रबंधन द्वारा सोची समझी योजना के तहत कर्मचारियों को धोखा दिया जा रहा है । वेज रीविजन का विवादास्पद एमओयू के बाद भी आज तक एमओए नही किया गया है । इस्पात मंत्री तथा सेल प्रबंधन द्वारा अलग अलग फोरम पर अलग अलग गुमराह करने वाला जवाब देकर कर्मचारियों को भरमाया जा रहा है।

बीएकेएस ने कहा कि. एनजेसीएस संविधान में मौजूद आम सहमती की जगह बहुमत के आधार पर एमओयू कैसे लागू किया गया ? अधिकारियों को किस नियम के आधार पर 15% एमजीबी दिया गया ? उसी आधार पर सेल कर्मियों को लाभ क्यो नही दिया गया ।

किस नियम के आधार पर 35 प्रतिशत पर्क्स का लाभ दिया गया ? क्या उसी आधार पर सेल कर्मचारियों को 35% पर्क्स का लाभ नही इसका जवाब इस्पात मंत्रालय को देना चाहिए।

यूनियन ने मांग की कि अधिकारियों को लिए अप्रैल 2020 से अक्टूबर 2021तक किस नियम से पर्क्स का एरियर दिया गया ? क्या सेल कर्मचारियों को पर्क्स का लाभ नही मिलना चाहिए ।

### एरियर का दोनों को मिले लाभ

यूनियन के मुताबिक महारत्ना कंपनी ओएनजीसी, इंडियन आयल, भारत पेट्रॉलियम, हिंदुस्तान पेट्रॉलियम, एनटीपीसी , पावरग्रीड, नवरत्ना कंपनी नालको, एनएमडीसी , सेंट्रल इलेक्ट्रॉनिक्स आदि में कार्यरत कर्मियों को किस आधार पर 15 प्रतिशत एमजीबी , 35 प्रतिशत पर्क्स तथा फिटमेंट और पर्क्स के एरियर का लाभ दिया गया ? सेल में सिर्फ अधिकारी वर्ग को किस आधार पर दोनों का एरियर का लाभ दिया गया है , कर्मचारियो को किस आधार पर नही दिया जा रहा है ।

### कैसे करें रिपोर्ट स्वीकार

सेल गैर कार्यपालक कर्मियो के सर्विस कंडिशन वाले दिसम्बर 2014 के इस्पात संसदिय कमेटी की रिपोर्ट को वेज रीविजन लागू नहीं किया गया जबकि सरकार ने संसदिय कमेटी की रिपोर्ट को स्वीकार कर लिया था । एनजेसीएस में बगैर सदस्यता सत्यापन के ही पाँच यूनियनों को तीन तीन सीट दिया जा रहा है । एनजेसीएस में जब सेल तथा आरआईएनएल के यूनिटो से रिकॉगनाईज्ड ट्रेड यूनियन लीडर जा ही रहे हैं।

### सरकार का नहीं है भय

“सेल प्रबंधन को न तो सरकार का भय है न ही कर्मियो के आक्रोश का तथा न ही श्रम कानून का। ऐसा तब होता है जब कर्मचारी एकजुट नही होते है ।एक यूनिट एक यूनियन की परिकल्पना को साकार करने का समय आ गया है ।

**अभिषेक सिंह,** महासचिव , बीएकेएस

## बिजनेस साइट

### ओम ज्वेलर्स को ग्राहकों का मिल रहा बेहतर प्रतिसाद




**भिलाई।** शहर के हृदय स्थल इंदिरा मार्केट प्रिया श्रृंगार सदन के सामने शॉप नंबर 64बी में स्थित ओम ज्वेलर्स दुर्ग अपने ग्राहकों के हितों के लिए हमेशा प्रतिबद्ध है। जहां आपको मिलता है भारत सरकार द्वारा huid पास टोटल हॉलमार्क के गहनों का विशाल रेंज उपलब्ध है। जिसमें नये व पुराने ग्राहकों को 100 प्रतिशत संतुष्टी निश्चित होकर गहने खरीद सकते हैं। साथ ही गहनों मे टूट फुट की 2 साल की रिपेरिंग फ्री की सुविधा उपलब्ध है। मनपसंद कलात्मक ज़ेवर, ग्राहकों के रुपयों के अनुरूप कम कीमत से ज्यादा क़ीमत पर एक से एक नई नई डिजाइन उपलब्ध रहता है, दिवाली व शादी विवाह के सीजन को देखते हुए लाइट वेट से अधिकतम वेट की ज्वेलरी में सोने के नेकलेस, झुमका, बाली, एरिंग टॉप्स, रानी हार, चोकर.चांदी में पायल कमरबंद, बाजूबंद बिछिया, ऑल सोने चांदी की एक से बढ़कर एक वैरायटियों का नई-नई डिजाइन का विशाल रेंज उपलब्ध है। वहीं दूल्हे दुल्हन के लिए खास टूर बैग, इम्पोर्टेन्ट वॉच, जितना सोना उतना चांदी फ्री ग्राहकों की तत्काल गिफ्ट दिया जाता है। क़ीमत भी सबसे कम चीप दर पर गहने प्रदान किया जा रहा है और भी विशेषताएं प्रदान की जाती है। जैसे अपने पुराने सोने को नये जैसे बनाए वो भी बिना नुकसान के बिना वजन कम हुए तत्काल, पुराने सोने चांदी की 100 प्रतिशत मूल्यों के साथ वापसी, पुराने सोने-चांदी का तत्काल रिपेरिंग, मंगलसूत्र गुथायी 0 चार्जेबल पर, किसी भी गोल्ड के गहने पर 100 प्रतिशत वापसी, हमारी संस्थान में किसी भी प्रकार के गहने, जेवरों का पेमेंट घर से करने की सुविधा उपलब्ध, सभी प्रकार की चेक स्वीकार किए जाते हैं, आल एटीएम, डेबिट, क्रेडिट कार्ड स्वीकार किये जाते हैं, भारत सरकार द्वारा प्रमाणित 916.(22c )833(20c)750(18c )टोटल हॉलमार्क की गहने की भरपूर रेंज उपलब्ध, हर दस हजार की खरीदी पर चांदी की मूर्ति फ्री, हमारी संस्थान ग्राहकों को अच्छी क्वालिटी व गुणवत्ता की सुविधा प्रदान करने के लिए प्रतिबद्ध है।

### हिमालय ऑप्टिकल का नया शो रूम का हुआ अनावरण




**भिलाई।** हिमालय ऑप्टिकल भिलाई, छत्तीसगढ में अपने नए रूप में तैयार किए गए स्टोर के भव्य अनावरण की घोषणा करते हुए उत्साहित है, जो उत्कृष्टता की अपनी विरासत में एक और महत्वपूर्ण मील का पत्थर है। 1935 में स्थापित, हिमालय ऑप्टिकल लग्जरी आई वियर के मामले में सबसे आगे रहा है और यह नवीनतम स्टोर अपडेट उत्कृष्टता के लिए इसकी स्थायी प्रतिबद्धता को रेखांकित करता है। नए रूप में तैयार किए गए स्टोर में एक आकर्षक, समकालीन डिजाइन है जो प्रतिष्ठित अंतरराष्ट्रीय ब्रांडों के नवीनतम लग्जरी आई वियर का एक विशेष चयन प्रदर्शित करता है, जो गुणवत्ता और शैली के लिए ब्रांड की प्रतिष्ठा को और मजबूत करता है। लॉन्च इवेंट में प्रतिभाशाली अभिनेता गोपाल के सिंह शामिल होंगे, जिन्हें एक हसीना थी, कंपनी पेज 3 और अन्य फिल्मों में उनके शानदार अभिनय के लिए जाना जाता है। इस कार्यक्रम में उनका होना सम्मान की बात होगी। भिलाई में 60 से अधिक प्रसिद्ध वैश्विक ब्रांडों के हाई एंड फ्रेम और सनग्लास का एक उल्लखनीय संग्रह है, जिसमें गुच्ची, मोंट ब्लॉक, प्रादा, बरबेरी, डोल्से एंड गब्बाना, रेबैन और अन्य शामिल है। यह क्यूरेटेड चयन लक्जरी आईवियर के शिखर का प्रतिनिधित्व करता है, जिसमें नवीनतम अंतर्राष्ट्रीय संग्रह प्रदर्शित किए गए हैं। हिमालय ऑप्टिकल में , हम कस्टमाइज्ड आरएक्स लेंस में विशेषज्ञता को आईवियर विकल्पों की एक असाधारण रेंज के साथ जोडते हैं। नया स्टोर अत्याधुनिक तकनीक से लैस है, जिसमें रोबोटाइज्ड लेंस फिटिंग और स्वचालित कटिंग मशीनें शामिल हैं जो हमार द्वारा तैयार किए गए प्रत्येक लेंस में सटीकता और दक्षता सुनिश्चित करती है।

## पशु क्रूरता के मामले में आरोपी बैंक का मैनेजर गिरफ्तार, कार भी जब्त



हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

पशु क्रूरता का मामले में स्मृति नगर पुलिस ने मंगलवार को आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। आरोपी बैंक में मैनेजर है। 24 नवंबर को जुनवानी रोड और डीमार्ट बायपास को जोड़ने वाली सड़क पर एक स्ट्रीट डॉग, जो डिवाइडर के किनारे सो रही थी। इसी दौरान मॉडल टाउन निवासी कार चालक अखिल कुमार द्विवेदी की क्रूरता का शिकार हो गई। भारतीय न्याय संहिता की धारा 281 और 325 के तहत आरोपी के खिलाफ लाभेश घोष, पिता- सुब्रत घोष, उम्र 25 वर्ष निवासी, जुनवानी रोड ने स्मृति नगर चौकी में मामला दर्ज कराया था। प्रार्थी आवारा कुत्ते को खाना देकर देखभाल करता था। इस दौरान एक सफेद रंग की महिंदा एक्सयूवी 300 कार क्रमांक सीजी 07 सीटी 3678 के चालक अखिल कुमार द्विवेदी ने अपनी वाहन को तेज व लापरवाही पूर्वक अपने वाहन को चलाकर डिवाईडर के पास बैठी कुत्ता को ठोकर मारकर घसीटते हुये घायल कर दिया। कुछ देर बाद उसकी मौत हो गई।

मामले में स्मृति नगर पुलिस द्वारा त्वरित कार्रवाही करते हुए वाहन चालक के विरुद्ध अपराध क्रमांक 1234/24धारा 281,325 बीएनएस के तहत अपराध कायम कर चालक को गिरफ्तार व कार जब्त कर पशु क्रूरता अधिनियम के तहत कार्यवाही की गई।

### चाकू दिखाकर लूटने वाले दो आरोपी गिरफ्तार

**भिलाई।** दुर्ग में दो युवकों को चाकू के दम पर मोबाइल व चांदी के चैन व नगदी रकम लूटने वाले दो युवकों को कोतवाली पुलिस दुर्ग ने गिरफ्तार किया है। प्रार्थी गोविंद कुंभकार निवासी वार्ड नंबर 1 नयापारा दुर्ग का रहने वाला है। सुबह लगभग करीब 4 बजे वह अपने दोस्त यशराज साहू, देवेन्द्र यादव एक्टिवा क्रमांक सीजी 04 सीएक्स 5788 से भेढारवानी गांव बरात से वापस घर नयापारा दुर्ग आ रहे थे। उसी समय ब्रम्हकुमारी भवन के सामने बघेरा दुर्ग के पास दो युवक सीजी 07 बीएफ 1095 को गाडी के सामने अड़ाकर रुकवाए और चाकू दिखाकर मोबाइल, दो चांदी की चैन व नगदी सहित कुल कीमती 25 हजार 700 रुपए लूट लिए। आरोपी युवक अमन देवांगन उर्फ धनराज पिता धरमू देवांगन उम्र 20 साल निवासी लाली होटल के पास चंडी चौक कोष्टापारा और विनय साहू पिता गणपत साहू उम्र 19 साल निवासी ग्रीनवैली कॉलोनी ब्लॉक डी 03 जुनवानी स्मृति नगर चौकी थाना सुपेला को गिरफ्तार कर कोर्ट में पेश किया गया।

## सेल प्रबंधन पर लगा गंभीर आरोप सीटू यूनियन की तीखी प्रतिक्रिया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

सीटू ने पे रिवीजन व एरियर्स को लेकर मुख्य महाप्रबंधक के आह्वान पर सोमवार को दिल्ली में एनजीसीएस यूनियनों के साथ हुई बैठक के बेनतीजा रहने पर तीखी प्रतिक्रिया जाहिर की है। यूनियने कहा है कि प्रबंधन के कुछ आला अधिकारी खुश होंगे कि हमने फिर से यूनियनों के बीच आपसी मनमुटाव को तेज कर दिया है जिसके कारण 8 साल बीत जाने के बावजूद वेतन समझौता पूर्ण नहीं हो सका है। प्रबंधन फूट डालने की कितनी भी कोशिश कर ले हम अपने हकों के लिए आने वाले दिनों में संयुक्त संघर्ष और तेज होंगे। सीटू के महासचिव जगन्नाथ द्विवेदी ने जारी मेल में कहा कि लंबित अपूर्ण वेतन समझौता पर चर्चा करने बहुमत की बात करने वाले सेल प्रबंधन बहुमत से भाग रहा है। इसीलिए सीटू ने मुख्य श्रमायुक्त केंद्रीय की मध्यस्थता में हुई बैठक में समझौता नहीं किया। सर्वसम्मति से नौ वेतन समझौता होने के बाद प्रबंधन की हठधर्मिता से दसवां वेतन समझौता शुरू से ही बहुमत की भेंट चढ़ गया। 24 जनवरी को सुलह बैठक में भी समझौता पूर्ण करने अपनी सहमति दी थी कि ढाई महीने बीत जाने के बावजूद भी परिणाम शून्य है।

### प्रबंधन के कहने पर छोड़ा साथ

श्री द्विवेदी ने कहा कि बहुमत के आधार पर हस्ताक्षर करने के लिए तैयार हुए संगठनों को प्रबंधन से सीखना चाहिए क्योंकि आज सीटू के हस्ताक्षर करने से मना करते ही प्रबंधन भी यू टर्न लेते हुए साइन करने से मना कर दिया लेकिन वहीं पर प्रबंधन के कहने पर कुछ यूनियनों ने अपने ही साथी यूनियनों का साथ छोड़कर बहुमत बना लिया जिसका खामियाजा आज सबके सामने है। संयुक्त यूनियन एकता बनी रहेगी। वर्कर्स के हकों के लिए सीटू संयुक्त संघर्ष जारी रखेगा।

## न्यायालयीन आदेश के बाद बीएसपी के रिटायर्ड अधिकारी का आवास सील

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

भिलाई इस्पात संयंत्र के नगर सेवाएं विभाग द्वारा संपदा न्यायालय के आदेश पर लंबे समय से किराया नहीं पटाने वाले एक रिटायर अधिकारी के रिटेंशन आवास को खाली करवा कर सील किया गया। सेक्टर 5 सड़क 40 स्थित क्वार्टर नंबर 1- बी पुलिस बल और कार्यपालक मजिस्ट्रेट विश्वामित्र दीवान की मौजूदगी में सामान जप्त कर आवास को सील किया गया।

सील किया गये आवास को बीएसपी के पूर्व प्रबंधक (वित्त) एमआर ठाकुर को सेवानिवृत्ति के बाद 1 अगस्त 2014 से 31 जुलाई 2016 तक रिटेंशन के लिए प्रबंधन द्वारा अनुमति प्रदान किया गया था। रिटेंशन समय समाप्ति के बाद भी श्री ठाकुर द्वारा आवास खाली नहीं किया गया था। संपदा न्यायालय द्वारा 2017 में डिक्री पारित करने के बाद भी श्री ठाकुर द्वारा आवास खाली नहीं किया गया। मंगलवार को बीएसपी के नगर सेवाएं विभाग के प्रवर्तन अनुभाग द्वारा की गई कार्यवाही में पीएचडी विभाग, जिला पुलिस बल, कोतवाली थाना, महिला बल, पुलिस बल, जनसंपर्क विभाग, विद्युत विभाग, सिविल विभाग, संपदा न्यायालय के कर्मचारी तथा प्राइवेट सिक्योरिटी गार्ड सहित 100 लोगों की टीम शामिल थी। आवास के सभी सामानों को जप्त कर कार्यपालक मजिस्ट्रेट के समक्ष पंचनामा बनाकर, संपदा न्यायालय को सुपुर्द किया गया।



■ दल बल के साथ प्रवर्तन विभाग ने की कार्रवाई, मकान का सामान भी किया जब्त

online Booking:-www.tripuryatra.com
Individual & Group Tour
Honeymoon Tours
School Collage Tour
By Train-रिजर्वेशन कोच
20 दिसंबर से 01 जनवरी 2025, 10 जनवरी से 22 जनवरी 2025
21 फरवरी से 05 मार्च 2025, 07 मार्च से 19 मार्च 2025,
11 अप्रैल से 23 अप्रैल 2025
सुविधा ज्यादा सबसे कम राशि पर
नेपाल विदेश यात्रा
जनकपुर(सीता मईया का जन्म स्थल), सीतामणी, पशुपतिनाथ, लुम्बिनि (भगवानबुद्ध का जन्म स्थान), माँ मनोकामना देवी, पोखरा (गुप्तेश्वर महादेव, डेविड फाल, विंध्यवासिनी मंदिर, फेवालेक), काठमांडू (भोलेनाथ मंदिर, बुढ़ानिलकंड, सांघा), काठमांडू दरबार, भक्तपुर,गोरखनाथ मंदिर, अयोध्या (श्रीराम जन्मभूमि), वाराणसी (काशी विश्वनाथ)
राशि:-स्लीपर 18500/- 3 एसी 25,500/-2 एसी 30,500/-(+ 5% GST)
Since-2007
श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा
RAIPUR- D 36 Sector 4 Kamal Vihar, KORBA- Shop No. 301,302,303 S.S. Plaza, Power House Road
संपर्क करें:-7354-411411

